पत्रांक –

प्रेषकः–

प्राचार्य,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

सेवा में,

अंचलाधिकारी,
मुशहरी,
मुजफ्फरपुर ।

मुज0 दिनांकः–

विषय–इस महाविद्यालय परिसर में संचालित सन शाईन स्कूल के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि इस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में संचालित सन शाईन स्कूल (नया खाता न0 – 86 खेसरा न – 178) के अतिक्रमण के संबंध मे तत्कालीन प्राचार्य डा0 दिनेश कुमार सिन्हा द्वारा अंचल कार्यालय, मुशहरी, मुजफ्फरपुर में केश दायर किया गया था । विदित हो कि दिनांक – 17.03.2016 को माननीय उच्च न्यायालय, पटना में उपस्थिति के दौरान अधोहस्ताक्षरी को विश्वस्त सुत्रो से यह ज्ञात हुआ कि उक्त मामले पर आपके कार्यालय द्वारा कार्रवाई की गई एवं जिसमें आपके द्वारा एक पक्षीय फैसला किया जा चुका है, परन्तु इससे संबंधित कागजात आज तक इस कार्यालय में अप्राप्त है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त मामले से संबंधित कागजात अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करना चाहेंगे, ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके ।

विश्वासभाजन

ह0 / –
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 706/16 दिनांकः– 30/3/16

प्रतिलिपिः–

1) जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
2) आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
3) भूमि सुधार उप समाहर्ता, पूर्वी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
4) प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।
5) बरसर, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
6) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0) / Estate Office, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।

30/3/16
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर